पहला अध्याय
अर्जुन विषाद योग

धृतराष्ट

उस कुरुक्षेत्र में धर्म क्षेत्र में समर कमना ले मित्रों में
हे संजय क्या किये हमारे पुत्र और पाण्डु पुत्रों ने ?

संजय

पण्डव सेना का व्युह देख तव दुर्योधन ने यही कहा
आचार्य निरीक्षण करें इन्हे सुनिये मेरा संयोजन कया ?
सव शुर वीर पराक्रमी हैं दिग्गज महिपाल खडे हैं वे
सव एक एक से योद्धा हैं फिर कितने युद्ध लडे हैं वे ।
ये भीम और अर्जुन समान वहुवी उपस्थित खडे यहाँ
हैं सव्य सात्यकी पुरुजीत ये सव के सव हैं अडे यहाँ
द्रुपद विराट और धृष्टकेतुयह उत्तमोजा और चेकितान
यह कुन्तिभोज सा धनुर्धारी हें काशीराज सा वीर्यवान ।
पुत्र पाँचो द्रौपदी के है सुभद्रा का अभिमन्यु
हैं सव के सव ही महारथ ीऔर पराक्रमी है युधामन्यु ।
हे द्वीजोत्तम अव सुनिये अपनी सेना के लोगों को
मेरी खातिर जो त्याग समर में आये हैं सव भोगों को ।
स्वयं आप और भीष्मपितामह कवचधारी है कर्ण यहाँ
हैं भुरीश्रवा और अश्वथामा हैं कृपाचार्य विकर्ण यहा
भीष्म पितामह से रक्षित है यह मेरी सेनाअजेय
भीमा रक्षित सेना वह मैं फतह करुँ क्या है दुर्जेय ।
ठौर अपने थिर होकर इसलिये सव मोचों पर
रक्षा करे सव ओर से अव भीष्म की ही कृपाकर ।
श्रवण कर कुरुवृद्ध ने यह गर्जन किया सिंह के समान
हर्ष उत्पन्न हो उसे यों शंख फुके प्रतापवान ।
तव तुमुल से वज उठे सव ढोल वाजे युद्ध के
सुन भयंकर शव्द उनके व्योम भी अवरुद्ध से ।
तव अलौकिक शंख फुके पार्थ और मुरली मनोहर
पृथक पृथक वीर सवके पृथक पृथक शंख सुन्दर ।
भीमकर्मा पौन्ड्र फुँका युधिष्ठिर ने अनन्त विजय
पांचजन्य को कृष्ण फुँके देवदत्त को धनंजय ।
सुघोस नामक नकुल फुँका सहदेव फुँका मणिपुष्पक
द्रुपद शिखण्डी सात्यिकी सवने वजाये पृथक पृथक ।
संग जया के और नभ के शव्द सुन उनके भयंकर
विदिर्ण से हृदय हुये धृतपुत्र के वे शव्द सुनकर ।
पार्थ वोला कृष्ण से तव देख कौरव को व्यवस्थित
कर चलो अव आप अच्युत रथ समर के मध्य ीसथत ।
है योग्य किससे लड सकुँ मैं इस युद्ध रुप व्यापार में
मैं देखुंगा उन लोगो को आये जो इस संहार में ।
जो हित चाहे इस समर वीच उस दुर्वुद्धि दुर्योधन का
मैं ठीक तरह से देख सकु ँफिर करुँ यहाँ अपने मन का ।
सन्मुख लाकर उत्तम रथ को तव भीष्म द्रोण और राजाओं के

DO NOT COPY

वोले कृष्ण हे अर्जुन देखो सैन्य इकठ्ठे कौरवो के ।
देखा दोनों सेनाओं में तव वडे गौर से वहाँ पार्थ
सव भरे पडे हैं अपने ही वह करुणा से कर उठा आर्त ।

अर्जुन

शोकाकुल वह वोल उठा यह देख स्वजन समुदाय नाथ
आनन सुखा संग रोमहर्ष सव अंग हुये निरुपाय नाथ ।
जल रहा है त्वचा तन का गाण्डीव कर से गिर रहा
है असम्भव खडा रहना भ्रम का कुहासा घिर रहा ।
निमित्त भी विपरीत केशव है नहीं कल्याणकर
सुख विजय का करुँगा क्या कुल का संहार कर ?
कर भोग से क्या काम केशव विजय से है क्या प्रयोजन
जिनके लिये मैं सुख सजाउँ हैं वही कर त्याग जीवन ।
यहाँ खडे हैं गुरुजन ताउ चाचा मामा और पुत्र
दादा पोते साले सव हैं कितने सम्वंध ीऔर मित्र ।
मार दे मुझको ये माधव सकता इन्हे मैं मार नहीं
धरती का तो क्या विसात त्रैलोक्य मिले स्वीकार नहीं ।
है खुशी क्या पाप ही है मार कौरव आततायी
हुँ नहीं मैं योग्व्य इसमें है नही कोई भलाई ।
पाप दिखता है नहीं चित्त लोभ से है भ्रष्ट इनका
इस पाप को पर त्यागना ही है उचित हम श्रेष्ठ जन का ।
कुल नाश से है नष्ट होता यह सनातन धर्म ही
तव पाप वढकर है कराता कुलनारी से दुष्कर्म ही ।
जगत में है जन्म लेता पाप से ही वर्णशंकर
स्वर्ग से पीतर नरक में कुल गिराते हैं भयंकर ।
वर्णशंकर दोष से है जाति धर्म का नाश होता
इन मनुष्यों का नरक में चीरकाल तक है वास होता
अहा, शोक है हम सयाने आये हैं इस पाप में
राज्य सुख के लोभ से लडते हैं अपने आप में ।
मुझ शस्त्रहीन का वध करे धृतराष्ट के ये अस्त्रधारी
यह मारना मेरे लिये होगा अति कल्याणकारी ।
त्याग शर को चाप को फिर पार्थ ने उद्वीग्न मन से
ज वसा पृष्ठ भाग में रथ के वडे ही खिन्न मन से ।

द्वीतिय अध्याय

सांख्य योग

संजय

करुणा और शोक से अर्जुन नेत्रो में था निर लिया
संजय वोला ऐसे क्षण में मधुसुदन ने यही कहा ।

कृष्ण

इस विषम स्थल में अर्जुन क्यो हुआ ऐसा विचार ?
यह न कीर्ति स्वर्ग देगा है न श्रेष्ठों का आचार ।
उठ खडा हो हे परंतप त्याग दुर्वल तुच्छ हृदय
है नहीं यह योग्य तेरे क्लीव मत वन हे धनंजय ।

DO NOT COPY

अर्जुन

प्रति भीष्म दोर्णचार्य के कैसे करुंगा वार रण में ?
युद्ध उनसे करुँ कैसे पुजता हुँ प्राण पण में ।
गुरुजनो के मारने से भीख वेहतर भोगना है
व्यर्थ है वह भोग इनके रक्त से जो भी सना है ।
है न कोई जिजिविषा इन कौरवों को कार कर
क्या पता है हम जितेंगे या चलेंगे हारकर ?
कौन सा है काम अच्छा हम नहीं यहं जानते
शिष्य हुँ मैं आपका गुरु आपको हम मानते ।
शरण में हुँ आपके चित्त मोह से है घिर गया
दिजिये शिक्षा मुझे मेरे लिये् निश्चय किया ।
स्वामी वन भी जाउँ मैं देवता भुलोक का
कर नहीं सकता परन्तु हरण मेरे शोक का ।क

संजय

हो गया फिर चुप अर्जुन इस तरह स्पष्ट कहस कर
तव समर के मध्य वोले कृष्ण अर्जुन से विहँस कर ।

कृष्ण

है वचन तो पंडितों से शोक पर अज्ञान का
शोक करता है न पंडित प्राण और निष्प्रण का ।
है नही वह काल और होगा न कोई काल ऐस
मैं नहीं तु सव नहीं फिर व्यर्थ का यह शोक कैसा ?
आत्मा हैनित्य मन विचलित न करती धीर का
यौन जरा कौमार्य सव है केंचुला शरीर का ।
शीत उष्मा क्षणिक सुख दुखविषय सुख अनित्य है
व्याकुल नहं जो इन सभी से पाते वही अमृत है ।
है नहीं अस्तित्व जग में असत का सुन हे परंतप
है नहीं अभाव सत का देखना ज्ञानी को सम्भव ।
व्याप्त जो है दृश्य वर्ग में है अनश्वर अर्थ उसका
नाश कर सकने में कोई है नहीं समर्थ उसका ।
युद्ध कर हे पार्थ केवल देह का ही नाश होता ।
नित्य,अप्रमेय अविनाशी जो तत्व है सारे जगत का ।
जो समझता है इसे मैं मार दुंगा या मरे
जानता है वह नहीं है आत्मा इन से परे ।
देह के भी नाश से नहीं आत्मा का नाश होता
यह अजन्मा नित्य शाश्वत मरता नहीं ना है जन्मता ।
मरवाता किसी को कोई कैसे कैसे किसी को मारता है ?
हे पार्थ जो इस आत्मा को नित्य अजन्मा जनाता है ।
तज पुरातन वस्त्र जैसे मानव नये को है पहनता
तज पुरातन तन नया तन आत्मा भी वरण करता ।
शस्त्र उसे ना मार सके ना अग्नि उसको जला सके
सोख सके ना उसको मारुत ना जल उसको गला सके ।
यह आत्मा है अचल स्थिर सर्वव्यापक नित्य है
अछेद्य है अदाह्य है अशोष्य और अचिन्त्य है ।
यह वदलता है नहीं यह तो सनातन मर्म है
इसलिये इस शोक को तो त्यागना ही धर्म है ।

DO NOT COPY

यदि आत्मा तो है जन्मता और मरता मान लो
फिर भी नहीं उपाय कोई शोक का तु जान लो ।
पैदा हुओ की मृत्यु निश्चित मृतकों को है जन्मना
इसलिये हे पार्थ सुनलो है उचित ना शोक करना ।
अव्यक्त पहले वाद में भी वीच में तन मायामय है
इसलिये फिर शोक कैसा वेदना का क्या विषय है ?
देखे सुने वोले इसे आश्चर्य से जो है वडा
सुनकर भी कोई पर इसे है पुर्ववत रहता खडा ।
है शोक करना वयर्थ अर्जुन तु देखता जितना भी तन है
वध रहित हो है सभी में आत्मा इतना गहन है ।
अकीर्ति को सव कहेंगे जगत में चीर काल तक
सज्जनों के लिये जो है मरण से मर्मान्तक ।
भीरु क्हेंगे महारथी निनदा करेंगे सामर्थ्य की
इससे अधिक संताप क्या तज तुच्छता अव व्यर्थ की ।
युद्ध सवसे श्रेयस्कर है उठ खडा हो कृत निश्चय
स्वर्ग मरकर जीतकर तु भोग धरती को धनंजय ।
लभ हानी जय पराजय और सुख संताप को
सम समझ कर युद्ध कर अप्राप्त होगा पाप को ।
यदि स्वर्ग की न चाह तो सम समझ सुख संताप है
फिर खडा हो युद्ध कर इसमें न कोई पाप है ।
अव सांख्य योग के वाद सुनो निष्काम कर्म की सुक्ति को
सव कर्म वंधन को करेगा पार इससे युक्त हो ।
इसक की तनीक सी साध से जीवन मरण का भय नहीं
आरम्भ का न नाश है फल दोष का संशय नहीं ।
निष्कामी की है वुद्धि केवल एक ही निश्चयातमक
पर सकामी का अनिश्चय अनन्त और भ्रमात्मक ।
स्वर्ग जिसका है प्रिय फल श्रुति की ही गर्ज है
एस सकामी पुरुष को केवल भोगना ऐश्वर्य है ।
वे विवेकी हैं नहीं पर शव्द शोभायुक्त है
इनसे हरे सव चित्तवाले भोग में आसक्त हैं ।
जो भोग में आसक्त है अन्तःकरण में पार्थ उनके
है नहीं निश्चय कोई मन में भरे हैं स्वर्थ उनके ।
वेद हैं प्रकाश करते त्रिगुणें के जगत को
इसलिये हे पार्थ सुन तु छोड इसके तत्व को ।
तुम वनों निर्द्वन्द और निर्योग क्षेम आत्मवान
तुम चिरन्तन सत्व में हो व्रह्मज्ञानी के समान ।
इसलिये मनुज को चाहिये मुझमे समाहित चित्त हो
स्थिर होती वुद्धि जिसकी इन्द्रियाँ संयमित हो ।
जितेन्द्रिय हो मन सहित जो है नहीं मेरे शरण में
हे पार्थ चिन्तन विषय का पर चल रहा अन्तःकरण में ।
इस तरह के मनन से है विषय की आशक्ति होती
फर विषय की कामना की पुरुष में उत्पति होती ।
कामना के विघ्न से फिर कोध का प्रकरण होता
कोध से अविवेक और भ्रमित तव स्मरण होता ।
विभ्रम से स्मृति के है वुद्धि का विनाश होता

DO NOT COPY

श्रेय से फिर पतित होकर मनुज का ही नाश होता।
जो स्वधीन अन्तःकरण का है राग द्वेष से दुर वह
हैं इन्द्रियाँ वस में विषय को भोगता भरपुर वह।
विषय में होते हुये अन्तःकरण में स्वचछता है
है नहीं जो इस तरह उसको नही प्रफुलता है।
सव दुखों का नाश है अन्तःकरण की स्वच्छता में
वुद्धि स्थिर है ऐसे पुरुष की पैसन्नता में।
हे पार्थ साधन रहित वुद्धि श्रेष्ठ भी होती नहीं है
नास्तिक वन फिर इस पुरुष को शान्ति नहीं है।
शान्ति में सुख सभी क्या अशान्ति में प्राप्त होगा ?
हर घडी ऐसा मनुज दुख दैन्य से ही आप्त होगा।
शान्ति सुख शान्ति सुख शान्ति में निहित है
दुख दैन्य दारुण है उसे जो शान्ति से रहित है।
इन्द्रियाँ ऐसे ही हरती आयुक्तों के वुद्धि मन
जिस तरह है हरण करता नाव को जल मे पवन।
जिस पुरुष की इन्द्रियाँ सव है नहीं जो भोग में
वुद्धि स्थिर है उसी की जो है अर्जन योग में।
सवके लिये जो है दिवस उसके लिये तो रात है
और रात है उसका दिवस परव्रह्म को जो प्राप्त है।
सव ओर से नदियाँ समाती महासागर की अचलता
ज्ञानी में जिस भोग भी पैदा नहीं करते विकलता।
वह पुरुष ही इस जगत में परम शान्तिमय वना है
वह नहीं हे पार्थ जिसको भोग की ही चाहना है।
स्नेह ममता अहं को और कामना को त्यागता है
पार्थ ऐसा पुरुष ही सुख शान्ति को जानता है।
मोह को नहीं प्रप्त होता जो नशीं है अहं में
अन्त में जाकर समाता है समर्पित व्रह्म में।
हे पार्थ सुन हे पार्थ उठ ले हाथ मे कृपाण को
निर्मोह हो फिर अन्त में तु प्राप्त हो निर्वाण को।

तृतिय अध्याय
कर्म योग

अर्जुन

क्यों लगाते है मुझे फिर इस भयंकर कर्म में
जव मानते हैं आप केशव ज्ञान को ही परम में ?
वचन से हे नाथ मिश्रित मोहित सा है ज्ञान मेरा
इसलिये कहिये वही जो कर सके कल्याण मेरा।

कृष्ण

हे पार्थ निष्ठा का यहाँ मैंने दिये दो नाम है
ज्ञान ज्ञानी को और फिर योगी को निष्काम है।
है नहीं निष्कर्म कोई कर्म को भी त्याग कर
न प्राप्त होता है परम को इस तरह से भाग कर।
मार्ग में कोई परन्तु कर्म का नहीं वर्जना है।
कर्म के आधार से ही इस जगत की सृजना है।
त्याग सकता है न कोई कर्म को फिर सर्वथा

DO NOT COPY

क्षण क्षण मनुज की नियति में है कर्म की अन्तर्कथा।
जो रोकता है ईन्द्रयों को मन है परन्तु भोग में
वह मुढवुद्धि पुरुष दम्भी है कहाता लोक में।
कमेन्द्रियों से कर्म करता आसक्ति की नहीं दृष्टि है
इन्द्रियों की डोर मन में ये पुरुष ही श्रेष्ठ हैं।
इसलिये तु कर्म कर तेरे लिये जो है निरुपित
अकर्म से हे पार्थ क्योंकि कर्म करना है समुचित।
कर्म जो न करोगे तो गात भी सकता नहीं चल
इसलिये तु युद्ध कर होकर यहाँ तु आज निश्चल।
है नहीं जो कर्म जिसका यज्ञ के ही लिये निश्चित
उस मनुज के लिये है कर्मवंधन पार्थ निर्मित।
इसलिये सव कर्म कर आशक्ति से तु रहित हो
हो तुम्हारा कर्म जो भी वह परम के निमित्त हो।
यज्ञ सहित रच मनुज को है यह कहा प्रजापति ने
कामना हो पुर्ण इससे वृद्धि हो श्री सम्पती में।
सुर मनुज मिल कर्म कर सभी है यही वरदान मेरा
उन्नयन फिर उन्नयन फिर हो परम कल्याण तेरा।
देंगे तुम्हे मांगे विना सव भोग प्रिय सुर भी
उनके दिये विन भोगता जो है मनुज वह चोर ही।
यज्ञ से जो वच गया खाता वही जो श्रेष्ठतम है
मात्र तन के लिये जो खाता वही निकृष्ठतम है।
पाप से वह मुक्त होता वच गया जो अन्न खाता
दुसरा पापी तो केवल पाप को खाता पकाता।
पैदा हुई है अन्न से ही इस जगत की सारी सृष्टि
अन्न होता वृष्टि से है यज्ञ से है होती वृष्टि।
देह से है बर्म पैदा कर्म से ही यज्ञ है
यज्ञ परम से इसलिये सुन यज्ञ में सर्वज्ञ है।
चलता नहीं है लोक में जो शास्त्र के अनुसार ही
वह पाप आयु जगत में है जी रहा वेकार ही।
संतुष्ट है जो आत्मा में आत्मा में तुप्ति होती
है नहीं कर्तव्य कोई आत्मा से तृप्ति होती।
क्रिया अक्रिया है वरावर कर्म केवल लोकहित में
है न कोई इस पुरुष का स्वार्थ इस सारे जगत में।
आशक्ति से तु रहित होकर कर निरन्तर कर्म को
फिर प्रप्त होता मनुज ऐसे उस चिन्तन परम को।
जनकादि जिससे प्राप्त हैं संसिद्धि को कर्मन्यता है
यदि लोक संग्रह देख तो भी कर्म की अहमन्यता है।
श्रेष्ठ हैं जिस आचरण में अन्य भी उस आचरण में
मील के पत्थर वही हैं जगत के जीवन मरण में।
हे पार्थ तिनों लोक में कुछ भी नहीं कर्तव्य मेरा
है नहीं अप्राप्त कुछ पर कर्म में ही है वसेरा।
चलते सभी उस मार्ग पर जिस पर चला हुँ मैं कभी
जो कर्म को मैं त्याग दुँ तो है वडी हानि तभी।
यदि कर्म में मैं ना रहुँ तो भ्रष्ट होगी मनुष्यता ही
हनन है प्रजाजनों का उत्पन्न है पथभ्रष्टता ही।

DO NOT COPY

कर्म जो अज्ञानी करता जिस तरह आशक्त हो
आशक्ति से हो हित वैसा ज्ञानी का भी व्यक्त हो ।
उस पुरुष को रोक मत आशक्त हो जो कर्म करता
चाहिये ज्ञानी न उसमें जा करे पैदा अश्रद्धा ।
प्रकृति केल गुणों से हर काम है सम्पन्न होता
भाव कर्ता का परन्तु अहं से उत्पन्न होता र
गुण कर्म विभाग के तत्व जो ज्ञान योगी जानते हैं
सोच न आश्क्त होता गुण गुणें में वर्तते हैं ।
गुण कर्म में आशक्त है स्वभाव से जो मन्दवुद्धि
मत करे विचलित उन्हे जिनको मिला हो पुर्ण सिद्धि ।
आशा ममता संताप से तु दुर होकर युद्ध कर
मुझमें समर्पण कर्म सव अन्तःकरण को शुद्ध कर ।
दोष दृष्टि से रहित हो और श्रद्धायुक्त हो
इस मार्ग पर जो भी चले जाते कर्म से मुक्त हो ।
चलते नहीं एस मार्ग पर जो दोष दृष्टि को लिये हैं
मुर्ख मोहित ज्ञान में वे नष्ट अपने को किये हैं ।
जो मिली है हर किसी को ज्ञानियों को भी वहीं
यह प्रकृति का झमेला कुछ करेगा हठ कहीं ?
इन इन्द्रियों में जो छिपे विद्वेष और अनुराग है
उनके नही हो वस मनुज वे घ्नि तेरे मार्ग हैं ।
गुण रहित भी निज धर्म परधर्म से उत्तम अति है
है भयावह दुसरा निज धर्म से ही सद्‌गति है ।

अर्जुन

खुद नहीं है चाहता पर पाप की अवधारणा है
कौन है वह मनुज को जो दे रहा यह प्रेणा है ?

कृष्ण

काम ही है क्रोध इसका रजस से उद्‌भव हुआ है
यह वडा पापी अघाना न भोग से सम्भव हुआ है ।
पार्थ यह तु जान लो वैरी यही है इस विषय में
कर रहा सवारी यही पाप करने के समय मे
मैल से दर्पण ढका है जेर से शिशु जान ज्यों
धुम्र से अग्नि ढका ज्यो काम से या ज्ञान त्यों ।
इन्द्रियाा मन और वुद्धि काम के स्थान सव
मोहता है जीव ढककर जो इन्ही से ज्ञान सव
मार निश्चय काम को कर इन्द्रियाँ अधिकार में
नष्ट करता है जो पापी ज्ञान को संसार में ।
देह से हैं इन्द्रयाा और इन्द्रायें से मन वडा रे
वुद्धि मन से वुद्धि से मन मन से परे अति आत्मा रे ।
वुद्धि से पर आत्मा तु जान इस प्रकार रे
मार दुर्जय काम को मम पर किये अधिकार रे ।

चौथा अध्याय
ज्ञान कर्म सन्यास योग

कृष्ण

मैंने कहा था सुर्य से इस योग को जो शाश्वत है

सुर्य ने मनु से और इक्ष्वाकु को वैवश्त है।
प्रात था राजर्षियों को हे परंतप परम्परा से
वाद में चीर काल तक यह लुप्त था किन्तु धरा से
वह पुरातन योग ही मैंने कहा है अव सखा
भक्त हो प्रिय सखा हो यह विषय है मर्म का।

अर्जुन

आपका तो हुआ केशव जन्म अवाचीन है
कैसे कहा था सुर्य से जा अति प्रचीन है ?

कृष्ण

तु नहीं पर जानता मैं जन्म तेरे और मेरे
हो चुके जो जगत में है परंतप हे वहुत से रे।
ईश हुँ सव प्रषिणें का मैं अजन्मा नाशहीन
योगमाया से प्रकट पर कर प्रकृति को अधीन।
जव जव धर्म की हानि होती अधर्म की वृद्धि जभी
जगत में सृजन किया निज रुप का मैंने तभी।
पापियौं के नाश युग युग साधुओं के त्राण मे
धर्म की स्थापना में हुँ सृजता प्राण मैं
जनता है ततव से जव इस हमारी दिव्यता को
प्राप्त होती है मुझे फिर त्याग तन लौकिकता को।
जन्म लेता है नहीं फिर जगत में तन त्याग से
दुर है जो सर्वथा भय कोध और अनुराग से।
अनन्य भक्ति भाव से थे पुर्व भी मेरे शरण में
ज्ञान से वे हो अछुता हैं हमारे आवरण में।
सव तरह से मनुज अर्जुन है हमारी राह में
भजन जिसका जिस तरह है उस तरह की छाँह में।
पुजता है देव को जो कर्मफल को चाहता है
शिघ्र मिलती लोक में पार्थ उसको सफलता है।
पर नहीं हैं जानते वे तत्व से मुझको कभी
इसलिये तु भज मुझी को त्याग कर तृष्णा सभी।
युग कर्म के अनुसार मैं ही वर्ण को रचता जहाँ
जानलो हे पार्थ मुझको पर अकर्ता ही वहाँ।
नहीं कामना परिणाम की नहीं कर्म से ही हुँ वँधा
जो जानता है इस तरह वह मुक्त ही है सर्वदा।
मुमुक्षु जग में कर चुके हैंजानकर जो सर्वदा
है पुर्वजों का कर्म जो भी वह तुम्हारी सम्पदा।
भ्रमित हैं वुद्धिमति भी कर्म क्या है क्या नहीं ?
जिससे अशुभ से मुक्त होगा मैं कहुँगा ही वही।
कहुँगा मैं भलिभाँति जानकर जिस तत्व को
कर्म वंधनमुक्त हो तु प्राप्त होगा सत्व को।
अकर्म का स्वरुप क्या है कर्म की है क्या गति ?
विकर्म क्या क्या जगत में तु समझना हे संतति।
कर्म अकर्म में अकर्म कर्म में जो देखना है
कर्म करता है सभी वह मनुज में वुद्धमना है।
कर्म में है व्यस्त कोई कामना पर है नहीं
ज्ञानाग्नि से है दग्ध जिनके कर्म पंडित है वही।

DO NOT COPY

है नहीं करता वही कुछ कर्म में प्रवृत होकर
तज कर्मफल संग है जो परम में ही तुप्त होकर ।
तज दिया सुख भोग जो मन इन्द्रियाँ तन विजित कर
है वह नहीं दुष्कर्म जो तन के लिये आशा रहित पर ।
संतुष्ट है जो भी मिला इच्छा नहीं इर्ष्या नहीं
निर्द्वन्द सम सिद्धि असिद्धि कर्म योगी है वही ।
आशक्ति ममता रहित जिनके चित्त परम में लिन है
जो यज्ञ के ही लिये हैं वे कर्म सव विलीन हैं ।
कर्ता वहाँ है व्रह्म रे जिस यज्ञ की चर्चा यहाँ
जो भी जुडा उस व्रह्म से है परम व्रह्ममय ही वहाँ ।
योगीजन करते यहाँ कुछ यज्ञ जो है देवपुजन
यज्ञ द्वारा यज्ञ को कुछ व्रह्म में करते हवन ।
संयामाग्नि में हवन करते श्रोत्र आदि इन्द्रियों को
इन्द्रियाग्नि में योगी पर कुछ शव्द आदि विषयों को ।
करते हवन कुछ इन्द्रियों को आत्म संयम में परन्तु
ज्ञान से प्रदीपत जो है हैं उसी में प्राणतंतु ।
यज्ञ करते द्रव्य से कुछ कुछ तपस्या में विलीन
योग ही है यज्ञ कुछ को कुछ मनन में हैं प्रवीण ।
प्राण अपान में अपान प्रण में कोई किये
प्राण अपान रोक कोई प्रणयामी हैं हुये ।
प्राण में जो ये वनाते प्राण ही को तो हवि
नियम से आहार जिनके पार्थ योगी ये सभी ।
ये सभी हैं यज्ञ और यज्ञकर्ता ये सभी
जानते हैं यज्ञ को जो पापहन्ता ये सभी ।
प्राप्त होते हैं परम को यज्ञ का अमृत पाकर
वंचितों को क्या मिलेगा लोक से परलोक जाकर ?
जव दुखद यह लोक है कैसे सुखद परलोक होगा ?
पार्थ ऐसे मनुज को चीरकाल कातर शोक होगा ।
वहुत से हैं यज्ञ जिका वेद में विस्तार है
कर क्रिया सम्पन्न होता मनुज जो भवपार है ।
यज्ञ सम्पन्न हें यहाा मन और तन के कर्म से
निष्काम मे जा मुक्त होगा जान इनको मर्म से ।
ज्ञान यज्ञ से हे परंतप द्रव्यमय अति ही लेश है
सव कर्म यावन्न मात्र होते यज्ञ मे ही शेष हैं ।
इस ज्ञान को तु समभ जाकर तत्वदर्शी आत्मा से
तत्व का उपदेश देंगे जो लीन हैं परमात्मा से ।
पुछना पर मर्मियों से सेवा और प्रणिपात से
तव खुलेंगे द्वार उनके निष्कपट संघात से ।
जानकर इस तरह फिर ना मोह से आंछन्न होगा
सव भुत निज में और मुभमें देखना सम्पन्न होगा ।
क्या मिलेगा पार्थ जग में इस तरह है विकलता जो ?
ज्ञान के प्रकाश से पा परमपद की शितलता को ।
जगत में इन पापियों से अधिक पापी भी अगर तु
ज्ञान नौका से तरेगा पाप सिन्धु भी मगर तु ।
जिस तरह प्रज्वलित अग्नि भष्म करती ईंधनों को

DO NOT COPY

ज्ञान अग्नि उस तरह ही कर्म के सव वंधनों को।
पवित्र कर्ता ज्ञान से वढकर नहीं संसार में है
कर्मयोगी को मिला जो अन्तःकरण के द्वार में है।
जितेन्द्रिय तत्पर श्रद्धा से ज्ञान उसको ही फला है
ज्ञान को कर प्रप्त तत्क्षण परम शान्ति को मिला है।
विवेक श्रद्धा है नहीं संशय लिये जो है यहाँ
परमार्थ से वह भ्रष्ट है फिर क्या मिलेगा ही वहाँ ?
ऐसे सशंकित मनुज जग में मोह से जो ग्रस्त हैं
वे लोक मे परलोक में दुख दैन्य से संत्रस्त हैं।
परमात्मा में कर्म को जिसने समर्पित कर दिया
ज्ञान से हे पार्थ जिसने नष्ट संशय को किया।
वह पुरुष निर्वंध जग में है कर्म के पाश से
अन्तःकरण उसका सुवासित ज्ञान कर्म सन्यास से।
भेद संशय भरतवंशी ज्ञान का करवाल ले
हो खडा इस समर मे रे तु कर्म का ढाल ले।

पाँचवा अध्याय
कर्म सन्यास योग

अर्जुन

संयास में निष्काम में जिनकी यहाा स्थिति है
कहिये वही हितकर हमे हे कसष्ण जो निश्चित है।
करते प्रसंशा नाथ पर है कौन उपयोगी हमे ?
ले कर्म का संयास या फिर कर्मयोगी ही वने ?
मैं करुंगा ही वही मेरे लिये जो भी विषय है
कर्म मैं संयास में कहिये वही जो वात तय है।

कृष्ण

है उभय कल्याणकारी पर श्रेयस्कर तो कर्म है
पार्थ क्यांकि जगत में कर्म ही साधन सुगाम है।
आकांक्षा जिसमे नहीं जिसमें नहीं विद्वेष है
वह कर्मयोगी ही लिये सन्यास का संदेश है।
आकंक्षा विद्वेष से हो रहित जो निर्द्वन्द है
सुख शान्ति सुख शान्ति रे मुक्त उसका वंध है।
वे मुर्ख हैं पंडित नहीं जो मानते पृथक भले
सन्यास में परमात्मा तो कर्म में भी वह फले।
सम्यक किसी भी एक में परमात्मा से मिल गया
वह कर्म जो निर्द्वन्द है सन्यास मे घुलमिल गया।
फलरुप में जो एक देखे देखता यथार्थ है
रे ज्ञानियों निष्कामियों का एक ही परमार्थ है।
है ज्ञानयोगी प्राप्त करता जिस परम के धाम को
तो कर्मयोगी भी यहाँ जाते उसी सुरधाम को।
है भाव कर्ता का यहाा सन्यास में जो त्यागना रे
है कठिन वह प्राप्त करना विन कर्मयोगी वना रे।
परव्रह्म को पर प्राप्त होता कर्मयोगी जल्द है
मन परम परमात्मा तन कर्म ही का गंध है।
इन्द्रियो से विजित है परमात्मा ही आत्मा है

DO NOT COPY

निर्लिप्त है वह कर्म में जो योगयुक्त शुद्धात्मा है ।
सुनता स्पर्श करता सुँघता खाता हुआ
श्वाँस दृष्टि गमन मेंजव वोलता सोता हुआ ।
त्याग ग्रहण चक्षुओं को खोलता मुँदता हुआ
इन्द्रियों के अर्थ ज्ञानी कुछ नहीं फिर भी किया ।
यह सव हुआ वह सव हुआ रे पर हुआ कुछ भी नहीं
वह सांख्ययोगी तत्वदर्शी जानता है रे यही ।
कर्म है परमात्मा में है विरक्ति कर्मफल में
पाप से वे हैं विलग ज्यो पद्म पत्ते सरित जल में ।
कर्म में पर है लगाता मन इन्द्रियाँ तन वुद्धि को
निरासक्त ममता रहित योगी अन्तःकरण की शुद्धि को ।
कर्मफलको त्यगता जो परम सुख उसको सधा है
कामना है जिस किसी में रे वही जग में वँधा है ।
अन्तःकरण वस में जिन्हे रे सांखय का ही आचरण है
नवद्वार के तनगृह में अनन्दघन में विचरण है ।
हे पार्थ है परमात्मा कुछ भी नहीं रचता यहाँ
रे कर्म कर्ता कर्मफल स्वभाव से होता यहाँ ।
शुभ अशुभ ग्रहण नहीं है सर्वव्यापी से किसी का
ज्ञान मायाछन्न मन व्यामोह में है रे सभी का ।
जिस ज्ञान ने अज्ञान जिनका कर दिया है नाश रे
वह ज्ञान रश्मि परमपथ में सुर्य का प्रकाश रे ।
तद्रुप मन वुद्धि परायण आनन्दघन में स्थिति है
पाप रहित जो ज्ञान से मिलती उसी को सद्गति है ।
विद्या विनय सम्पन्न द्वीज हस्ति श्वपच और श्वान में
समभाव में जो भी यहाँ संसार उससे विजित है
आनन्दघन निर्दोष सम आनन्दघन स्थित है ।
अप्रिय से दुख कुछ नहीं प्रिय प्राप्ति हर्षित नहीं
स्थिरवुद्धि व्रह्मवेत्ता व्रह्म में स्थित वही ।
निरासक्त वाह्य विषय में है ध्यान का आनन्द पाता
पश्चात प्रभुयोग में हो अभिन्न परमानन्द पाता ।
इन्द्रियाँ विषय के योग से वनकर खडा जो भोग है
सुख भोगी को लगता भले वह आदि अन्त का रोग है ।
आदि अन्त कौन्तेय उसका सर्वदा रहता नहीं
इसलिये उसमें विवेकी रे कभी रमता नहीं ।
वह सुखी योगी वही जव तक यहाँ यह मर्त्य है
कोध काम संवेग सभी रे सहने को सामर्थ्य है ।
अन्तरात्मा में ज्योती सुख है रमण जिसका आत्मा में
सांख्ययोगी वह मिला है शान्तव्रह्म परमात्मा में ।
जो नष्ट कल्मष छिन्न संशय सवभुत के कल्याण में
एकाग्र चित्त रे जो भी वही रे है गया निर्वाण में ।
काम कोध से रहित है चित्त विजित है संसार में
परव्रह्म से साक्षात कर है शान्त अपरम्पार में ।
फेंक वाहर भोग दृष्टि भृकुटी के वीच कर
नासिकाग्र स्थित प्राण अपान सम में खींच कर ।

DO NOT COPY

छठा अध्याय
आत्म संयम योग
कृष्ण

कर्म यागी वह नहीं संसार से जो भागता है
कर रहा कर्तव्य फल को जो नहीं पर चाहता है।
हे पार्थ संयासी और संसार में गोगी वही है
अनल केवल त्यागता वह कभी वैरागी नहीं है।
वह कभी योगी नहीं त्यागे न जो संकल्पना
हे पार्थ इस संयास में है योग की ही संभ्फना।
इच्छा लिये अन्तःकरण में योग में आरुढ होना
उस मुनि का हेतु है निष्काम में ही दृढ होना।
संकल्प का जो त्याग योगारुढ होन पर हुआ है
कल्याण में हेतु वही हे पार्थ जगती में कहा है।
ना भोग में ना कर्म में जिस काल में संवद्ध है
उस काल मै संकल्प त्यागी योग से सन्नद्ध है।
आप ही रिपु है और हे आप ही सहचर यहाँ
अवसाद में न डाल स्वयं कर पार भवसागर यहाँ।
मन इन्द्रियाँ तन से विजित जिवात्मा उसका अरि
मन इन्द्रियाा तन विजित तो रे आत्मा है सहचरी।
सर्दी गर्मी अपमान मान जो सुख दुख में निशान्त है
उस ज्ञानवान के ज्ञान में प्रवेश प्रभु प्रशान्त है।
प्रस्तर मिट्टी कंचन सभी रे हैं समान जिनके लिये
अन्तःकरण को तुष्ट ज्ञान विज्ञान से जो है किये।
विकार रहित है स्थिति हैं इन्द्रियाा जीती हुई
हे पार्थ योगी की ही ऐसे परम की प्राप्ति हुई।
सुहृद वैरी वंधु सखा धर्मात्मा पापिष्ठ में
मध्यस्थ द्वेषी उदासीन में जो समान अति श्रेष्ठ हैं।
मन इन्द्रियों के साथ में तन विजित है उपरान्त में
परमात्मा में त्याग कर वे आत्मा एकान्त में।
कुशा और मृगचर्म वस्त्र पवि भुमि पर क्रमशः विछे हों
आसन अचल स्थापना कर जो न अति उँचे निचे हो।
एकाग्र मन योगी वही रे वैठ कर आसन जमाये
वस करे अन्तः पवि में इन्द्रियाँ मन की क्रियायें।
हों व्रह्म ग्रीवा और काया धारण अचल स्थिर समान
दिक में न दृष्टि दुसरा नासिकाग्र में चक्षु कमान।
हो सावधान निर्भय प्रशान्त मेरे परायण दत्त चित्त हो
मन रोक व्रह्मचारी व्रती मेरे ही मेरे में स्थित हो।
इस तरह मन रोक जिसकी आत्मा मुझमें घुली है
मुझमे वसी जो चरम शान्ति जो उसी को ही मिली है।
होगी न सिद्धि योग की जो अधिक उपवासी यहाँ
भक्षी अति तन्द्रिल अनिन्द्रित योग अभ्यासी जहाँ।
तार वीणा के कसे हों और ढीले हो जहाँ
क्या मिले संगीत उससे क्या सुरीले हो वहा ?
तार वीणा के कसे ना और ढीले हों नहीं
फुटते संगीत उससे तव सुरीले ही वही।

DO NOT COPY

इस योग की सिद्धि तभीजो नाश करती है व्यथा
विहार आहार निन्द्र अनिन्द्राहो कर्म चेष्टा भी यथा ।
चित्त विनियत जिस काल में परमात्मा स्थित होता
निस्पृह जो सव भोग में यस काल से र्हा युक्त होता ।
है कही गयी उपनाम यही रे ज्यों निवात दीपक वाती
है परम ध्यान में योगी के जिता चित्त स्थिर उस भाँति ।
निरुद्ध चित्त जो योग से है हो गया निवृत जव
ध्यान दृष्टि से दरश रहता उसी में तृप्त जव
इन्द्रियाँतीत अनन्त आनन्द जो जव ध्यान से अनुभुत होता
जिस अवस्था में न योगी फिर परमपद च्युत होता ।
वढकर नहीं है लाभ कुछ परमात्मा संप्राप्ति से
जिस दशा स्थित विचलित योगी नदु:सह विपत्ति से
जान उसको आदमी जिसमें न दुखसंयोग है
धैर्य चित्त से कर उसे जो आत्मसंयम योग है ।
संकल्प से जो कामना सव त्याग कर नि:शेष से
मन से इन्द्रिय ग्राम रोक उनके सभी निवेश से
शनै: शनै: योगी सभी रे उपरति में जा समाना
धीर वुद्धि से परम मन हो नहीं चिन्तन विराना ।
अवरुद्ध कर उन विषयों से जहाँ मन गाये तराना
वारवार परमात्मा में चंचल अस्थिर को लगाना ।
प्रशान्त मन निष्पाप है जो जव रजोगुण शान्त है
व्रह्म के जो साथ एकी वह नहीं दुखक्लान्त है ।
सुख है उसे उत्तम मिला है ही नहीं दुख क्लान्ति
आननद घन परमात्मा में शान्ति विश्रान्ति ।
सर्व व्यापी अननत चेतन स्थित अनन्य योग जो
युक्त ऐसी आत्मा से हैं समदर्शी लोग जो ।
आत्मा निष्पाप योगी परम में ऐसे लगाकर
व्रह्म संप्राप्ति स्वरुप पाता अनन्त आनन्द जाकर ।
योगी के लिये उस आत्मा सम्पुर्ण भुतों में है स्थित
और है सम्पुर्ण भुत आत्मा में ही विकल्पित ।
सव भुत में मैं वे मुझी में होता है जिसको दृष्टिगोचर
मैं नहीं और वह नहीं रे एक दुजे को अगोचर ।
जो अननय भाव से भजे मुझ आत्म रुप को सभी में
सव तरह से वरतता वह योगी वरतता है हमी में ।

अर्जुन

यह समत्व योग है जो आपका कहना यहाँ
मन चुँकि चंचल अति स्थिर ठहरना है कहाँ ?

कृष्ण

हे पार्थ मन को शमित करना नि:संदेह दु:साध्य है
वैराग्य और अभ्यास से पर यह नहीं अप्राप्य है ।
है मेरा मत जो असंयत योग यह दुष्प्राप्य है
निग्रही तत्पर पुरुष को सहज साधन प्राप्य है ।

अर्जुन

संयम विना श्रद्धा सहित पर योग से विचलित मति को
योग संसिद्धि नहीं तो प्रप्त होता किस गति को ?

DO NOT COPY

नष्ट तो जाते नहीं हो भ्रष्ट दोनों ओर से त्यों
छिन्न भिन्न होकर विखरता मेघ अपनी ठौर से ज्यों ?
आप ही हैं नाथ छेदन कर सके संशय यहाँ
आप जैसा दुसरा लिना नहीं सम्भव यहाँ ।
आप जैसा दुसरा मिलना नहीं सम्भव हुआ है
कौन है हे कृष्ण जिसका इस तरह उद्‌भव हुआ है ?

कृष्ण

परलोक लोक में न नष्ट पार्थ उसकी सद्‌गति है
कर्म है कल्याण जिसका न तात उसकी दुर्गति है ।
योग से जो भ्रष्ट पाते स्वर्ग आदि लोक जाकर
फिर कुलीन घर में जन्मते स्वर्ग में वर्षो विता कर ।
अथवा नजाकर लोक में उन योगी कुल पैदा हुआ है
पर जन्म यह लोक में दुर्लभ सदा सदा हुआ है ।
अनायास संयोग संग्रह पुर्व के मिलते उन्हे
साधते वढ कर दुवारा परम में वढकर जिनहे ।
परवस हुये भी विषयों में खिंचते हैं योग में
करते उलंघन वेद वर्णन कर्मफल संयोग में ।
होता यहाँ पर यह सभी रे पुर्व के अभ्यास से
योग के अभ्यास सुन्दरपुर्व के इस न्यास से ।
पर जगत में पार्थ है रे वहुत से जिज्ञासमान
कर्मफल में कर्म उनके कुलीन योगी के समान ।
प्रयत्न से जो साधना हैं संसिद्धि इसी जीवन में
पुर्व के संस्कार वल सव मिलते लोकायतन में ।
दुर हो सव किल्विसों से वेपरम के पुर जाते
आवागमन जीवन मरण से इस तरह वे दुर जाते ।
योगी वनो हे पार्थ मेरे योगी सभी में श्रेष्ठ हैं
शस्त्रज्ञ तपसी और जितने कामना कर्मिष्ठ हैं ।
श्रेष्ठतम है मान्य वह जो निरन्तर मुझमें लगा है
योगियों में भी हमारे भाव श्रद्धा से पगा है ।

सातवाँ अध्याय

ज्ञान विज्ञान योग

कृष्ण

विभुति वल ऐश्वर्य सवसे पुर्ण हुँ मैं हे धनंजय
अव सुनो वह मर्म कैसे निहित है मुझमें अशंसय ।
जिससे अनन्त प्लुष अनन्त भावना से तु पगेगा
योग में आशक्त मेरे में परायण हो सकेगा ।
जानने पर शेष उसको कुछ नहीं पश्चात होगा
ज्ञान वह सम्पुर्णता से सारगर्भित तात होगा ।
जनने पर शेष उसको कुछ नहीं अज्ञान होगा
तात इसका नाम जग में ज्ञान और विज्ञान होगा ।
प्रयत्न करता सहस्त्रों में एक कोई पार्थ मेरे
उन सहस्त्रौं में कोई ही जानता यथार्थ मेरे ।
आठ भागों में विभाजित है हमारी प्रकृति
गगन वायु नीर अग्नि अहं मन वुद्धि क्षिति ।
ये हमारी जड प्रकृति दुसरी है चेतना

DO NOT COPY

जीरुपा जान जिमें जगत की स्थापना ।
ऐसा समझ इनसे यहाँ सब भुत का उद्‌भव हुआ है
मैं जगत का मुल मुझसे प्रलय और प्रभव हुआ है ।
सब भुत हैं उद्‌भुत इनसे तात ऐसा समझना है
मैं प्रभव प्रलय जगत का ये मेरी अभिव्यंजना हैं ।
मणि में मणिसुत्र में जैसे पिरोया है यहाँ
मेरे सिवा नहीं दुसरा मुझमें पिरोया है जहां ।
नाद नभ पौरुष पुरुष का वेद में ओंकार हुँ
शशि सुर्य में प्रभाश अर्जुन नीर में रसधार हुँ ।
मैं तपोरत में हुँ तप पवि गन्ध अवनि में हुआ हुँ
जिन्दगी सव प्राणियों में तेज अग्नि में हुआ हुँ ।
मैं मति वुद्धिमतों का तेजस्वियों का तेज हु
ऐसा समझ हे तात मेरे मैं सनातन वीज हुँ ।
आशक्ति हुँ वलवान की वल कामना के पार हुँ
रे धर्म के अनुरुप भुतों में मदन अवतार हुँ ।
त्रिगाुणें की भावना सव जान मुझसे हो रही
पर सही में मैं हुँ उनमें और वे मुझमें नहीं ।
त्रिगुणों की भावना से मोह में संसार सारा
जानते इससे नहीं वे तत्व अविनाशी हमारा ।
अद्‌भुत हमारी त्रिगुणी दुस्तर अति दुस्वार है
जो भजे मुझको सदा करता वही भव पार है ।
ज्ञान जिसका हर लिया त्रिगुणमयी माया हमारी
जो लिये हैं भाव आसुर नर अधम दुष्कर्मकारी
भजते नहीं तो वे मुझे किंचित कभी संसार में
वे मोह से आछन्न रहते हैं सदा भवधार में ।
अर्थार्थी ज्ञानी मुमुक्षु और जो भी आर्त हैं
रे भजन करते हमारा ये सभी ही पार्थ हैं ।
पर ज्ञानी है उत्तम प्रिय हम एक दुजेको प्रिय
जो तत्व से है समझ करता प्रेम भक्ति से हिय ।
ये अनोखे है सभी ज्ञानी परन्तु रुप मेरा
है मेरा मत भक्त मद्‌गत जो मुझी में ही वसेरा
जन्म जन्म के अन्त में जवज्ञानी का जिस जन्म होगा
उस पुरुष को जव जगत में प्रप्त मेरा मर्म होगा ।
वसुदेव ही सव मानकर वह पुरुष जव मुझको भजेगा
संत वह अत्यन्त दुर्लभ युग युगों में ही मिलेगा ।
वोध जव जग में चुराये भिन्न जिनकी कामनायें
देव पुजन अनय नियमन है सहज ही प्रेरणायें ।
देव का जिस जिस भजन रे चाहता जो जो जभी जव
उस अमर में स्थगन करता हुँ मैं श्रद्धा सभी तव ।
पुजते उस देख को हो इस तरह श्रद्धान्वित वे
मुझसे विधित सुर से उसी पाते हैं फल वांछित वे ।
हैं वे नश्वर फल परन्तु अल्पवुद्धि का यहाँ
उस देवता को प्राप्त होते देव भक्ति है जहाँ ।
पर भक्त मेरे प्रप्त होते अन्ततः मुझको सभी
चाहे भजे वे भक्त मेरे जो जहाँ जैसे जभी ।

DO NOT COPY

परम परे मन इन्द्रियों से शाश्वत सत्ता हमारी
जानता निर्बोध है न यह यह न अनुमत्तता हमारी।
परम परे मन इन्द्रियों से है अनुत्तम शाश्वत है
न जानकर मैं जन्मता हुँ मानते जो वुद्धिहत हैं।
इसलिये वह मानता है जन्म कर मैं व्यक्त हुँ
जनता है वह नहीं रे मैं सदा अव्यक्त हुँ।
योग से आवृत सवके सामने आता नहीं
इसलिये जो मुढ मेरे तत्व को पाता नहीं।
मैं जन्मता और मरता इसलिये वह मानता है
वत्स मेरे इस जगत में मुढ की अज्ञानता है।
वे जानते मुझको नहीं पर जानता हुँ मैं चराचर
जो व्यतित हैं उपस्थित हैं और जो होंगे धरा पर।
द्वन्द का मुर्छा लगा है द्वेष और इच्छा जगे हैं
भरतवंशी सुख दुखों से अज्ञता में सव पगे हैं।
पर द्वन्द मोह मुक्त निश्चय दृढ होक पुण्यकर्मा
सव तरह भजते मुझे वे पापहत जो भावधर्मा।
जरा मरण के मोक्ष का जो शरण मेरे आ गये
वे व्रह्म दर्शन कर्म को सम्पुर्णता से पा गये।
अधिदेव अधिभुत और अधियज्ञके जो भी सहित है
अन्त में मुझसे परिचय वह मुझी में समाहित है।

आठवाँ अध्याय

अक्षरव्रह्म योग

अर्जुन

अधिभुत क्या अधिदैव क्या वह व्रह्म दर्शन कर्म क्या है ?
हे नरोत्तम इन सभी का मर्म क्या है ?
अन्त में होता तुम्हारा ध्यान कैसे ?
कौन है अधियज्ञ तन में है यहाा पहचान कैसे ?

कृष्ण

अध्यात्म है जीवात्मा अक्षर परम ही व्रह्म है
भुत भावोद्भुत जिससे वह विर्जन कर्म है।
हिरण्यमय जो भी पुरुष हैं वे सभी अधिदैव हैं
अधियज्ञ वन तन में समाया हम सदा वसुदेव हैं।
अधिभुत हैं वे भुत जो संहार सृजन को लिये
खेल अपना इस जगत में ही विसर्जन कर दिये।
स्मरण करता ही मुझे जो भी वदलता है कलेवर
साक्षात मुझको प्राप्त है संशय नहीं हे देहवर।
जिस भाव का चिन्तन सदा रहता हमारे ध्यान में
उस भावना के भाव में रहता मनुज प्रयाण में।
इतना नहीं वह भावना प्रयाण के भी पार जाता
इसलिये चोला वदल कर मनुज उसमें ही समाता।
इसलिये सव काल मुझको अनवरत स्मरण करना
युद्ध भी अर्पण मति मन से हमारा वरण करना।
योग के अतिरिक्त कोई जो नहीं हो अन्य चिन्तन
दिव्य रश्मि मम पुरुष ही है मिला उनको चिरन्तन।

DO NOT COPY

आदि अविद्यया से परे आनन्द घन परमेश्वर
सर्वत्र सम रश्मि रवि अचिन्त्य चेतन सुक्ष्मतर ।
सवका नियंता है सभी का कर रहा धारण भरण
हे पार्थ ऐसी दिव्यता का कर रहा जो स्मरण ।
भृकुटी के मध्य सम्यक प्राण को स्थित कर
प्रयाण में वलयोग से हे देहवर वह भक्तवर ।
वह स्मरण करता हुआ मन अचल से दिव्यात्मा ही
जो मिला उसको वही है नर परम परमात्मा ही ।
अक्षय कहते वेद विदवितराग का प्रवेशना है
मैं कहुँ संक्षेप में जो व्रह्मचारी तृष्णा है ।
हो इन्द्रियो के पार चेतन मन हृदय स्थापना
हो व्रह्म में जो प्राण स्थित योग की हो धारण ।
वस ओम ही हो ओम रटना व्रह्म की हो भावना
त्याग कर जाता वदन तो मोक्ष में स्थापना ।
मैं सहज हुँ मैं सुलभ हुँ जो निरन्तर युक्त हो
स्मरण करता सदा अनन्य चित्त निर्मुक्त हो ।
परम सिद्ध प्राप्त मुझको प्राप्त जो भी महात्मन हैं
है नहीं दुख लोक उनको जो क्षणिक आवागमन है ।
आव्रह्म भुवन पुनरागमन में पार्थ प्रभव में सभी ।
पर नहीं कौन्तेय वह जो प्राप्त प्रणव को जभी ।
हैं वँधे सव काल से रे है वँधा यह काल भी
काल कालातीत हुँ रे मैं वँधा हुँ क्या कभी ?
विधि का सहस्त्र चौकणी दिन और उतनी रात है
जानते जो इस तरह वे काल के अभिजात हैं ।
निकल कर प्रभात में अव्यक्त से सव व्यक्त आते
रात्रि प्रवेश में हो लीन उसमें ही समाते ।
हैं वही ये भुतगण जो आ रहे और जा रहे
रात्रि में लीन दिन में ये पुनश्च आ रहे ।
निज प्रकृति संग यह सौ वर्ष के पर्यन्त होता
फिर समेट कर सभी पितृपति का अन्त होता ।न
नाश होता है सभी का पर नहीं वह दिव्यता
अव्यक्त से अव्यक्त अद्‌भुत जो सनातन दिव्यता ।
मुक्ति वही रे है परम अव्यक्त अक्षर नाम है
पाकर मनुज वापस नहीं वह पदपरम मम धाम है
व्रह्म अक्षर योग है रे व्रह्म यही रे व्रह्म है
श्रवण ओम ओमकार में जो भाव वही परव्रह्म है ।
है चराचर निहित जिसमें यह जगत जिससे भरा
है मिला उसको परम जो प्रेम भक्ति वाँवरा ।
वह इसी के योग्य है रे वह सनातन दिवय है
वह पुरुष अव्यक्त अर्जुन वह परम पद अव्यय ।
योगी लौटते मार्ग जा जिस जिससे पुनः आते नहीं
प्रयाण के दो पंथ उनके अव कहुँगा मैं वही ।
जिसमें अनल दिन शुक्ल सुर अर्धवर्ष का सुर उत्तरायण
व्रह्म विद जो व्रह्म में उस मार्ग में होते परायण ।
सकाम योगी स्वर्ग में जा भोग फल आते पुनः

DO NOT COPY

दुसरा जो मार्ग है उसमें मिलन है फिर विरह ।
मार्ग जिसमें है सुर रात्रि धुमाभिमानी
कृष्णपक्ष दक्षिण अयन का देवता आत्माभिमानी ।
प्रयाण के दो मार्ग सनातन देव पितृ यान के
एक लाता है पुनः दुजा परम प्रस्थान के ।
इसलिये मत्कर्म से हो युक्त मेरी साधना में
जानते जो पंथ दो हैं नहीं वे कामना में ।
वेद यज्ञ तप दान और जो पुण्य के व्यापार हैं
मर्मयोगी पर यहाँ उनको भी करते पार हैं ।
पर कर जाते परम पद वे समाते हैं परम पद
परम पद जाते समाते और वन जाते परम पद ।

नौंवा अध्याय
राज विद्या राज गुह्य योग
कृष्ण

तुझ दोष दृष्टिरहितको अव मैं कहुंगा
ज्ञान वह विज्ञान के ही सहित होगा ।
इस तरह जिस रहस्य से संयुक्त होगा
जानकर संसार से तु मुक्त होगा ।
राजा सभी विद्यायों का राजा रहस्यों का सभी
धर्मयुक्त उत्तम अति प्रत्यक्ष फलदायक पवि ।
श्रद्धारहित जो पुरुष उसमें यह धर्म जो उल्लिखित है
मुझको नपाकर मृत्यु रुप संसार में ही भ्रमित है ।
है अनश्वर पार्थ यह यह वडा है सुगम साधन
इस योग में होगा तुझे जो राज विद्या ज्ञान अर्जन ।
व्यक्त मुझसे ही सभी हैं यह जगत मुझसे व्यवस्थित
मैं न उनमें पर चराचर हैं मुझी में ही अवस्थित ।
जल जलाशय हिम जल में जिस तरह जल से तरा है
यह जगत परिपुर्ण मुझसे सव जगत मुझसे भरा है ।
और वे मुझमें नहीं पर देख ईश्वर योगमाया
है मुझी से भुत उत्पन्न पर न मैं उनमें समाया ।
गगन से पैदा उसी में ज्यों विचरता है पवन
जान वैसे ही अवस्थित है हैं मुझी में भुतगण ।
कल्पान्त में ये भुतगण मेरी प्रकृति पच गये
कलप आदि में पुनश्च हम उन्हे ही रच गये ।
स्वीकार निज प्रकृति को स्वभाव परवसता उन्हे
कर्म के अनुसार उनके वर वार रचता उन्हे ।
उदासीन ज्यों निरासक्त हुँ जो मैं कर्मो में सदा
इसलिये हे परंतप हुँ मैं नहीं उनमें वँधा ।
केन्द्र में हुँ अधिष्ठाता घुमता संसार है
सकास मेरी प्रकृति सवका ही सृजनहार है ।
मैं हुँ भुतो का महेश्वर झुठ लेकिन मानते हैं
तुच्छ तनधारी मुझे सत्ता नहींपहचानते हैं ।
यत्न मेरी प्राप्ति नित नाम का गुणगान करते
नमन वारम्वार मुझमे वे सदा ही ध्यान करते ।

DO NOT COPY

इस तरह वे दृढव्रती करते हमारी प्रार्थना
प्रेम से अनन्य भक्ति भाव से अभ्यर्थना ।
सव ज्ञानियों के ज्ञान से एकत्व की उपासना
वहुत को वहुधा परन्तु पृथक भाव अभ्यर्थना ।
मैं ऋतु यज्ञ औषधि स्वधा हुँ मैं ही अगन
मैं जगत में पार्थ सवकुछ घृत मंत्र मैं ही हवन ।
ऋग साम और यजुर्वेद हुँ मै पवित ओमकार हुँ
धाता पिता माता पितामह मैं जगत का सार हुँ ।
वीज अविनासी जगत का स्थिति का अक्षर मैं ही
शरण लेने योग्य मैं ही धाम परम भरतार मैं हुँ ।
मैं हुँ तपता अंशुमालि खींच कर लाता उन्हे
जलधि जल वारिद वनाकर मैं ही वरसाता उन्हे ।
मैं हु अमृत मृत्यु मैं हुँ सत असत मैं ही सभी
पार्थ मुझसे भिन्न जग में है नहीं कुछ भी कभी ।
विविध योगी पुत पापा सोमरस जो पान करते
स्वर्ग इच्छा में हमारे यज्ञ पुजा ध्यान करते ।
हैं वे पाते स्वर्ग उसमें दिव्य फल उपभोग करते
पुण्य के प्रताप से वे हैं वहाँ चरते विचरते ।
भोग वैभव स्वर्ग के वे पुनः आते मर्त्य में
पुण्य है तो स्वर्ग जो क्षिण पुण्य है तो गर्त में ।
भोग लिप्सा में सभी का इस तरह आवागमन है
स्वर्ग हेतु वेद वर्णित कर्म का जो अनुशरण है ।
अनन्य भक्ति भजन चिन्तन जो हो करते आप्त पैम
प्राप्त कर देता यही पर मैं ही उनका योग क्षेम ।
वे जो श्रद्धा में पगे हैं पर पुजते हैं देव दुजा
अज्ञान में ही वे वगे हैं वे हमारी ही है पुजा ।
सव यज्ञ मैं ही भोगता हुँ स्वामी भी मैं ही प्रिय
हैं न वे मर्मज्ञ मेरा अवनति है इसलिये ।
हैं देवव्रती देव पाते पितरों को पितृव्रती
भुत पुजा भुत मिलते मुझको मुझी में जिसकी भक्ति ।
